दिनांक 05/10/2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

कोरोना के संक्रमण रोकने निगम के कर्मचारी कर रहे हैं डोर टू डोर सघन सर्वे, सर्वे कर पता लगाएंगे कोविड के लक्षण युक्त व्यक्तियों की जानकारी

भिलाई नगर/ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम की टीम कोरोना के रोकथाम को लेकर सघन डोर टू डोर सर्वे का कार्य कर रही है। सर्वे के दौरान परिवार के प्रत्येक सदस्य का स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी एकत्रित कर कोविड के लक्षण वाले मरीजों के बारे में पता लगाकर घरों की नंबरिंग किया जा रहा है। निगम उपायुक्त व नोडल अधिकारी श्री तरुणपाल लहरे ने कलेक्टर के आदेशानुसार टाउनशिप क्षेत्र के वार्डों में कोरोना के संक्रमण रोकने के लिए दो- दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। 12 अक्टूबर तक हर आवास का सघन सर्वे कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने कर्मचारियों को सर्वे के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से दिए गए प्रपत्र में रिपोर्ट तैयार करने कहा है।

सर्वे के लिए नियुक्त किए गए कर्मचारी

सहायक ग्रेड-3 शिवेंद्र सिंह चतुर्वेदी और प्रोसेस सर्वर दिनेश भिडे को वार्ड 51 सेक्टर 4 पूर्व के आवासों का सर्वे करने की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक ग्रेड 3 विष्णु प्रसाद बया और फिल्ड वर्कर चंद्रशेखर डांगे को वार्ड 52 सेक्टर 4 पश्चिम के आवासों का सर्वे करेंगे। राजेश्वर सिंह चंदेल और महेंद्र बाघमार को वार्ड 53 सेक्टर 5 पूर्व के आवासों का सर्वे करेंगे। सहायक ग्रेड 3 पालेश्वर साहू और दिलीप कुमार, वार्ड 54 सेक्टर 5 पश्चिम, रामकुमार मंडले और राजकुमार सोनी वार्ड 55 सेक्टर 6 पुर्व, सुखराम यादव और मनीराम वार्ड 56 सेक्टर मध्य, उप राजस्व निरीक्षक चंद्र कुमार चंद्राकर और सुंदरलाल मिर्झा वार्ड 57 सेक्टर 6 पश्चिम, सहायक ग्रेड 3 राजेश कुमार गजेंद्र और विजय कुमार वार्ड 66 सेक्टर 7 पुर्व , राजेश जोशी और मेहतर सोनी वार्ड 67 सेक्टर 7 पश्चिम, सहायक ग्रेड 3 वीरेंद्र साहू और मेघनाथ साहू वार्ड 68 सेक्टर 9, दुर्योधन साहू और गणित राम वार्ड 64 सेक्टर 10 के आवासों का सर्वे करेंगे। वार्ड 68 सेक्टर 5 सहायक ग्रेड 3 वीरेंद्र साहू के साथ मेघनाथ साहू को डोर टू डोर सर्वे और आवासों को चिन्हित करने की जिम्मेदारी दी है। टीम परिवार के कोरोना लक्षण वाले प्रत्येक सदस्य को नजदीकी फीवर क्लिनिक में कोविड की जांच कराने के लिए प्रेरित करने का कार्य भी कर रहे हैं।

डोर टू डोर सर्वे के दौरान एकत्रित की जा रही है जानकारी निगम कर्मचारी सर्वे के दौरान व्यक्ति का नाम उम्र, वार्ड, महिला या पुरुष , निवास स्थान का पता , मोबाइल नंबर, यदि किसी प्रकार की कोई बीमारी है तो उसकी जानकारी , क्या बीमारी उच्च जोखिम वाली है यदि हां तो उच्च जोखिम वाले बीमारी का नाम जैसे बीपी , शुगर, कैंसर, टीबी की जानकारी दर्ज करेंगे। महिला यदि गर्भवती है तो उसका उल्लेख करेंगे । एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट की तारीख और रिपोर्ट पॉजिटिव या निगेटिव आने का परिणाम की जानकारी लेकर रिपोर्ट में दर्ज करेंगे। आरटीपीआर टेस्ट सहित अन्य जानकारी रिपोर्ट में तैयार करेंगे।

20/108